रजिस्ट्री सं० डी०—(डी एन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 30] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 25, 1987 (श्रावण 3, 1909)

No. 30] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 25, 1987 (SRAVANA 3, 1909)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate Compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications Including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

सूचना

बम्बई–400021, दिनांक 24 जुलाई 1987

सं० सी० ओ० / बी० ओ० डी० / पी० एण्ड एल : 27527—इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय स्टेट बैंक का मुख्य रजिस्टर था शाखा रजिस्टर गुरुवार दिनांक 27 अगस्त 1987 से गुरुवार दिनांक 10 सितम्बर 1987 तक (दोनों दिन सम्मिलित, शेयरों के अन्तरण के लिए बन्द रहेंगे ।

डी० एन० घोष
अध्यक्ष

केन्द्रीय कार्यालय,

बम्बई, दिनांक 2 जुलाई 1987

सं० ए० डी० एम/28843—इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में निम्नलिखित नियुक्ति अधिसूचित की जाती है :—

श्री के० वेंकटेश्वर राव, अधिकारी, शीर्ष कार्यपालक श्रेणी–6 ने दिनांक 1 जुलाई 1987 से उप महाप्रबन्धक (अन्तर–कार्यालय लेखा), केन्द्रीय कार्यालय, का कार्यभार संभाल लिया है ।

सी० आर० विजयराघवन
मुख्य महाप्रबन्धक
(कार्मिक एवं मानव संसाधन विकास)

भारतीय चार्टरड प्राप्त लेखाकार संस्थान

बम्बई–400 005, दिनांक 18 मई 1987

सं० 3–डब्ल्यू० सी० ए (5)/3/87–88—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3–डब्ल्यू० सी० ए० (4)/7/86–87, दिनांक 25–2–87 के संदर्भ में चार्टरड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि, उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टरड लेखाकार

संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गयी तिथियों से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	4174	श्री बी० एम० शाह, एफ०सी०ए०, एन–305, नविन आशा, 126/डी, फलके रोड, दादर, बम्बई–400 014	4–5–87
2.	34394	श्रीमती ज्योत्सना एन० शाह, ए०सी०ए०, 1930, एन० वरमोन्ट 301, लोज् अंगलज, सीए–90027 ।	4–5–87
3.	36171	श्री मुकेश के० पारेख, एसीए, 7/2438, चौकी स्ट्रीट सय्यदपूरा सूरत–395003	1–8–86
4.	38129	श्री गौरंग एम० चोक्सी, ए०सी०ए, 33/आय, हारीपार्क सोसायटी, अपो० अंकूर बस स्टैण्ड, नारानपूरा अहमदाबाद ।	1–5–87

दिनांक 1 जून 1987

सं० 3– डब्ल्यू० सी० ए० (5)/4/8788—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3 डब्ल्यू० सी० ए० (4)/9/85–86 दिनांक 31–3–86, 3 एस० सी० ए० (4)/10/86–87 दिनांक 27–2–87, 3–डब्ल्यू० सी० ए० (4)/7/86–87 के संदर्भ में चार्टरड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टरड लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गयी तिथियों से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	6670	श्री मिगडोन विक्टोर अलमेडी, ए०सी०ए०, गंग्रिला अपार्टमेंटस, फ्लैट सं० 1/402, 23, बंड गार्डन रोड, पुणे–401001 ।	9–2–87
2.	22356	श्री के० श्रीपथी उराला, ए० सी० ए०, 903, 9वां माला, स्टॉक एक्सचेंज टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई–400023 ।	1–8–86
3.	38234	श्री राजेश रमेशचन्द्र शाह, ए०सी०ए०, फर्स्ट पारसीवाडा लेन, 37/38, जूनी हिरा बिल्डिंग 2 रे माळेपे, सी० पी० टैंक, बम्बई–400004 ।	27–5–87
4.	34657	श्री अरुण पद्माकर अभ्यंकर, ए०सी०ए०, 1206/बी/13, शिवाजी नगर, पुणे–411 004 ।	19–5–87
5.	70696	श्री कुबेर दत्त शर्मा, ए०सी०ए० 1, कस्तूरबा नगर, अपो० यूनियन बैंक, सामा, बरोडा ।	15–5–87
6.	30948	श्री रामचन्द्र महेश अय्यर, ए० सी० ए०, "प्रसाद" 1491, बी० मेन रोड, साउथ एण्ड, ब्लाक–9 जयानगर, बंगलौर–560069 ।	13–4–87

दिनांक 25 जून 1987

सं० 3–डब्ल्यू० सी० ए० (4)/5/87–88—चार्टरड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि, चार्टरड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (अ) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टरड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गयी तिथि से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	3531	श्री ह्वी० एम० देसाई, मेसर्स, देसाई एण्ड देसाई, चार्टरड अकाउन्टेन्ट्स 4था माला, 31, न्यू मरीन लाईन्स, बम्बई–400020 ।	15–3–87

1	2	3	4
2	6194	श्री एम० एम० दोषी, मेसर्स एम० एम० दोषी एण्ड कं०, चार्टरड अकाउन्टेंट्स 207, सुजाता चैम्बर्स, 1-3, मिर्ची स्ट्रीट, लठा बाजार, बम्बई-400009 ।	9-5-87
3.	17930	श्री एम० एम० अजगांवकर, 15; सरोज को० ऑप० हौ० सोसायटी, प्लाट सं० 70, तरुण भारत सोसायटी, चकाला, अंधेरी (पूरब) बम्बई-400 099	30-05-86

आर० एल० चोपड़ा
सचिव

कलकत्ता-700071, दिनांक 30 जून 1987

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० 3-ई० सी० ए० (5)/3/87-88—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-ई० सी० ए०/4/10/86-87 दिनांक 27-2-87, के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्य का नाम पुनः उसके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	51112	श्री शिव कुमार चिरानिया, एफ० सी० ए०, 3ए, जगमोहन मल्लिक लेन, कलकत्ता-700 007 ।	13-4-87

आर० एल० चोपड़ा
सचिव

कानपुर-208001, दिनांक 9 जून 1987

सं० 3-सी० सी० ए० (5)(4)/87-88—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-सी० सी० ए० (4)/(9) 86-87 दिनांक 5-3-87, 3सी० सी० ए० (4)/(10)-86-87 दिनांक 19-3-87 के संदर्भ में चार्टरड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टरड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गयी तिथि से स्थापित कर दिया है ।

क्र० सं०	सदस्य सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	36527	श्री पुरषोत्तम महेश्वरी, ए० सी० ए० के/आफ श्री लक्ष्मीलाल अजमेरा 29/44, गांधी नगर भीलवाड़ा-311001 ।	6-4-87
2.	72244	श्री बाल कृष्ण महाजन, ए० सी० ए० जी-47, एम० आई० जी० कालोनी, इन्दौर-452008 ।	4-5-87

दिनांक 25 जून 1987

सं० 3-सी० सी० ए० (5)/(3)/87-88—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-सी० सी० ए० (4)/(6)/86-87, दिनांक 28-1-87 के संदर्भ में चार्टरड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टरड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गयी तिथि से स्थापित कर दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नमा एवं पता	दिनांक
1.	17033	श्री मुरारी लाल सुरेखा, एफ० सी० ए०, के/ऑफ श्री राम सिल्क मिल्स, 113-114, गुडलक टैक्सटाइल्स मार्केट रिंग रोड, सूरत ।	29-4-87

आर० एल० चोपड़ा
सचिव

भारतीय कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स इंस्टीच्यूट

कलकत्ता-700 016, दिनांक 25 जून 1987

(कॉस्ट एकाउन्टेन्ट्स)

39-सी० डब्ल्यू० ए० (56)/87—कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स एक्ट, 1959 (1959 के एक्ट सं० 23) की धारा

39 के उपधारा (II) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स के परिषद कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स विनियम 1959 में निम्नलिखित संशोधन करती है जो उक्त धारा के उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व ही अनुमोदित एवं प्रकाशित की जा चुकी है ।

1. यह विनियम कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स (संशोधन) विनियम 1987 कहा जाएगा ।

2. कास्ट एवं वर्क्स एकाउन्टेण्टस विनियम 1959, विनियम 12 में उप विनियम (3) के पश्चात् निम्नलिखित उप विनियम जोड़ा जाएगा, जैसे : "(3ए.) केन्द्रीय सरकार अथवा कोई राज्य सरकार की ओर से शिकायतकर्ता के अलावे प्रत्येक शिकायतकर्ता रु० 50/- की राशि सहित जमा करेंगे, जो जब्त कर लिया जाएगा, यदि शिकायत पर विचार करने के बाद परिषद यह निष्कर्ष पर आती है कि प्रत्यक्षतः मामला नहीं बनता है, और शिकायत या तो तर्कहीन है अथवा दुर्भावना की दृष्टि से किया गया है ।

डी० सी० भट्टाचार्या
सेक्रेटरी

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 26 जून 1987

सं० यू-16/53/86-चि० 2 (कर्नाटक)—कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23 मई 1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा मैसूर के डा० बी० के० जयराज को विद्यमान मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर दिनांक 1 जुलाई 1987 से 30 जून 1988 या किसी पूर्ण-कालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्य-भार ग्रहण करने तक इनमें से जो भी पहले हो, मैसूर केन्द्र के बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता में संदेह होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करता हूं ।

डा० वेद प्रकाश
चिकित्सा आयुक्त

भारतीय उपचर्या परिषद

नई दिल्ली, दिनांक 1 जुलाई 1987

सं० 11-1/76-आई० एन० सी०—यतः भारतीय उपचर्या परिषद ने भारतीय उपचर्या परिषद अधिनियम, 1947 (1947 का 48) की धारा 10 के अनसरण में (जिसे एतद् पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) 5 अप्रैल, 1980 को हुई अपनी बैठक में पारित प्रस्ताव द्वारा यह घोषणा की है कि राजकुमारी अमृतकौर कालेज आफ नर्सिंग, नई दिल्ली की निम्नलिखित कालम (1) में विनिर्दिष्ट मान्यता प्राप्त अर्हताओं का नाम शैक्षणिक सत्र, 1980 से बदलकर निम्नलिखित कालम (2) में विनिर्दिष्ट नाम रखा जाय :—

(1)	(2)
उपचर्या प्रशासन में डिप्लोमा नर्सिंग टियूटरस डिप्लोमा मिडवाइफरी टियूटरस डिप्लोमा	नर्सिंग शिक्षा और प्रशासन में डिप्लोमा

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 15 की उपधारा 1 के अनुसरण में उक्त अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत की गई उपयुक्त घोषणा को जनसाधारण के सूचनार्थ भारत के राजपत्र में एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है ।

सं० 11-4/76-आई० एन० सी०—यतः भारतीय उपचर्या परिषद ने भारतीय उपचर्या परिषद अधिनियम, 1947 (1947 का 48) की धारा 10 के अनुसारण में) जिसे एतद्पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है (27 मार्च, 1985 को हुई बैठक में पारित प्रस्ताव द्वारा यह घोषणा की है कि अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान और जन स्वास्थ्य, कलकत्ता की निम्नलिखित कालम (1) में विनिर्दिष्ट, मान्यताप्राप्त अर्हताओं का नाम, 15 सितम्बर, 1975 से बदलकर निम्नलिखित कालम (2) में विनिर्दिष्ट नाम रखा जाए :—

(1)	(2)
जन स्वास्थ्य उपचर्या प्रमाण-पत्र	जन स्वास्थ्य उपचर्या में डिप्लोमा

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 15 की उपधारा-1 के अनुसरण में उक्त अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत की गई उपर्युक्त घोषणा को जन साधारण सूचनार्थ भारत के राजपत्र में एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है ।

स० क० करकरा
सचिव

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम

नई दिल्ली-110016, दिनांक 3 जुलाई 1987

सं० रा० स० वि० नि०-1-3/82-प्रशा०-राष्ट्रीय-सहकारी विकास निगम सेवा विनियम, 1967 के विनियम 67 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निगम के प्रबन्ध मण्डल ने केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से रा० स० वि० नि०

यात्रा तथा दैनिक भत्ता विनियमों में निम्नानुसार संशोधन किया है :—

(i) विनियम 4 के स्थान पर, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाए :—

सड़क द्वारा : सड़क द्वारा की गई यात्रा के लिए, कर्मचारी निम्नलिखित दरों पर सड़क मील-भत्ते के लिए पात्र होंगे :—

क और ख श्रेणी के कर्मचारी — सार्वजनिक बस के अनुसार वास्तविक किराया अथवा अपनी मोटर/पूरी टैक्सी तथा अपने स्कूटर/अपनी मोटर साइकिल/आटो रिक्शा द्वारा की गई यात्रा के लिए टैक्सी तथा आटो रिक्शा के लिए सम्बन्धित परिवहन निदेशालय द्वारा अधिसूचित दरें ।

ग और घ श्रेणी के कर्मचारी — सार्वजनिक बस के अनुसार वास्तविक किराया अथवा अपने स्कूटर/अपनी मोटर साईकिल/आटो रिक्शा द्वारा की गयी यात्रा के लिए आटो रिक्शा के लिए सम्बन्धित परिवहन निदेशालय द्वारा अधिसूचित दरें। बशर्ते कि यदि यात्रा टैक्सी में एक सीट लेकर अथवा किसी अन्य व्यक्ति के साथ मिल कर उसका किराया भाड़ा देकर अथवा डीलक्स/वातानुकूलित बस द्वारा की गई हो, तो उसके लिए सड़क मील-भत्ता दिए गए वास्तविक किराए की दर से दिया जाएगा जो सड़क की दूरी के लिए पात्रता श्रेणी के अनुसार रेल के किराए तक सीमित होगा ।

(ii) विनियम 5.4 के उपबन्ध के स्थान पर, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाए :—

मुख्यालय तथा शहर से बाहर, यथास्थिति, दोनों ओर दौरे पर जाते/दौरे से लौटते समय आवास-स्थान से हवाई अड्डे/रेलवे स्टेशन/बस टर्मिनस तक तथा हवाई अड्डे/रेलवे स्टेशन/बस टर्मिनस से आवास-स्थान तक की यात्रा के मामले में कर्मचारी, इसके अतिरिक्त, टैक्सी, स्कूटर, रिक्शा/सार्वजनिक परिवहन के लिए उसके द्वारा दिए गए वास्तविक किराए की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी ।

जहां कर्मचारी ऐसी यात्रा के लिए अपनी मोटर का प्रयोग करता/करती है वह मील-भत्ते के लिए पात्र होगा/होगी जो, सक्षम स्थानीय प्राधिकारी द्वारा निर्धारित टैक्सियों के लिए अनुमोदित दर पर, आगमन तथा प्रस्थान के समय दोनों ओर के लिए, केवल एक-एक यात्रा (ट्रिप) तक सीमित होगा ।

नोट : पूरी टैक्सी/आटो रिक्शा भाड़े में अतिरिक्त प्रभार (सरचार्ज) तथा रात्रि प्रभार यदि कोई हो तो, शामिल हैं ।

ये संशोधन भारत के राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

सोमनाथ सोम
प्रबन्ध निदेशक

भारतीय विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता नियम
नई दिल्ली, दिनांक 26 जून 1987

अध्याय–I

1. (क) इन नियमों का नाम भारतीय विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता नियम, 1983 है ।

(ख) ये नियम पूर्णतः या भागतः, जैसा भारतीय विधिज्ञ परिषद विनिश्चित करे और उस अधिसूचना के अनुसार जो भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा तैयार की जाए और भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाए और ऐसी तारीख या तारीखों में जो ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए या जाएं, प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं :

इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से अधिवक्ता अधिनियम, 1961 अभिप्रेत है ।

(ख) "अधिवक्ता" से वह अधिवक्ता अभिप्रेत है जिसे अधिनियम के उपबन्धों के अधीन किसी राज्य विधिज्ञ परिषद ने उस रूप में नामांकित किया है और उसका नाम किसी राज्य विधिज्ञ परिषद की नामावली में दर्ज है ।

(ग) "सहायता प्राप्त व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसको विधिक सहायता या सलाह मंजूर की गई है और जो विधिक सहायता या सलाह प्राप्त कर रहा है या जिसने विधिक सहायता या सलाह प्राप्त की है ।

(घ) "परिषद" से भारतीय विधिक परिषद अभिप्रेत है ।

(ङ) "न्यायालय" के अन्तर्गत वे सभी न्यायालय और अधिकरण तथा अन्य फोरम हैं जिनके समक्ष विधि-व्यवसायी हाजिर होने, कार्य करने और अभिवचन करने के लिए हकदार हैं ।

(ण) "राज्य विधिज्ञ परिषद्" से अधिनियम के अधीन गठित राज्य विधिज्ञ परिषद् अभिप्रेत है ।

(छ) "विधिक सहायता" में किसी विधि व्यवसायी द्वारा किया गया अभ्यावेदन और ऐसी सभी सहायता अभिप्रेत है जो प्रायिकतः उसके द्वारा दी जाती है ।

(ज) "विधिक सलाह" के अन्तर्गत किसी ऐसी कार्यवाही में जिसमें न्यायिक विनिश्चय की अपेक्षा हो, किसी व्यक्ति की स्वतन्त्रता, अधिकार, हक और हित पर मौखिक या लिखित सलाह भी है ।

(झ) "वित्तीय वर्ष" से किसी वर्ष की पहली अप्रैल से अगले उत्तरवर्ती वर्ष की 31 मार्च तक की अवधि अभिप्रेत है ।

(ञ) "विधिक सहायता के लिए हकदार व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो भारत के किसी भी न्यायालय में किसी मामले के अभियोजन या प्रतिरक्षा करने के लिए या अभियोजन या प्रतिरक्षा जारी रखने के लिए विहित प्ररूप और रीति में, विधिक सहायता के लिए आवेदन करता है और जिसके वित्तीय साधन और स्थिति, विधिक सहायता समिति या इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी उप समिति की राय में उक्त प्रयोजन के लिए अपर्याप्त है या ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो इन नियमों के उपबन्धों के अधीन विधिक सलाह प्राप्त करने का हकदार है ।

(ट) "विहित वर्ष" से किसी वर्ष की 1 अप्रैल से अगले उत्तरवर्ती वर्ष की 31 मार्च तक की अवधि अभिप्रेत है ।

(ठ) "नियम" से भारतीय विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता नियम अभिप्रेत है ।

अध्याय II

3. भारतीय विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता समिति का गठन और उसके कृत्य

(क) परिषद् अपने सदस्यों में से एक विधिक सहायता समिति का गठन करेगी जिसमें 9 सदस्य होंगे ।

(ख) परिषद् का अध्यक्ष विधिक सहायता समिति का पदेन अध्यक्ष होगा ।

(ग) विधिक सहायता समिति के सदस्य अपने में से किसी एक सदस्य को उपाध्यक्ष चुनेंगे और भारतीय विधिज्ञ परिषद् का सचिव, समिति का सचिव होगा ।

(घ) विधिक सहायता समिति की कालावधि ऐसी समिति की पहली बैठक की तारीख से दो वर्ष की होगी । उनमें से 5 सदस्यों का कोरम बनेगा । पूर्वोक्त समिति के सदस्य पश्चात्वर्ती समिति की पहली बैठक के होने तक पद धारण किए रहेंगे ।

(ङ) समिति के प्रत्येक सदस्य को एक मत प्राप्त होगा और सदस्यों के बीच मतभेद होने की दशा में बहुमत की राय अभिभावी होगी । किसी प्रश्न पर बराबर मत होने की स्थिति में, अध्यक्ष या पीठासीन सदस्य को अतिरिक्त रूप से निर्णायक मत का प्रयोग करने का अधिकार होगा ।

(च) विधिक सहायता समिति, उसके निकाय में किसी रिक्त स्थान के होते हुए भी और उसके किसी सदस्य के निर्वाचन या बने रहने में कोई त्रुटि होते हुए भी, कार्य करेगी और समिति का कोई कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण से अविधिमान्य नहीं हो जाएगी कि निकाय में कोई रिक्ति या रिक्तियां हैं या उसके सदस्यों के निर्वाचन या बने रहने में कोई त्रुटि है ।

4. कृत्य :

विधिक सहायता समिति के निम्नलिखित कृत्य होंगे :—

(क) इन नियमों के अधीन पात्र व्यक्ति को दी जाने वाली विधिक सहायता और सलाह के कार्यान्वयन के लिए नीतियां बनाना और यह देखना कि बनाई गई या विहित की गई नीतियां राज्य विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता समितियों द्वारा समुचित रूप से कार्यान्वित की जाती है तथा इन निकायों पर प्रभावी पर्यवेक्षण और नियंत्रण करना ।

(ख) समय-समय पर वकीलों के लिए विधिक सहायता कार्यशाला आयोजित करना और वकील, परा विधिक कार्यकर्त्ताओं तथा विधि के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था करना ।

(ग) समुदाय के निर्धनतम वर्गों में विधिक चेतना का प्रसार करने के प्रयोजन के लिए विभिन्न स्थानीय भाषाओं में विधिक सहायता संबंधी साहित्य तैयार करना और उसे गन्दी बस्तियों, ग्रामों और अन्य उचित स्थानों में लोगों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना ।

(घ) सरकार के हाथों या व्यक्तियों द्वारा आक्रमण के सभी मामलों में उनकी व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से संरक्षा के लिए व्यवस्था करना ।

(ङ) बड़ी संख्या में व्यक्तियों को प्रभावित करने वाले लोक हित मुकदमों की बाबत अभियोजन और/या प्रतिरक्षा की व्यवस्था करना ।

(च) बन्धुआ मजदूरों का पता लगाने और उनकी सहायता करने के लिए समुचित विधिक और/या अन्य कारगर उपाय करना ।

(छ) महिलाओं पर किए गए आक्रमणों या किए गए अन्याय के सभी मामलों में विधिक और सामाजिक

दोनों मंचों से अभियोजन या प्रतिरक्षा के लिए व्यवस्था करना ।

(ज) निर्धन व्यक्तियों के वर्गों के लिए विधिक सहायता को प्रभावी और सार्थक बनाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना और यह देखना कि वे उन्हें उचित समय पर उपलब्ध हो जाएं जिससे कि विधिक सहायता कार्यक्रम की बाबत उनको विश्वास हो जाए ।

5. बैठकें

विधिक सहायता समिति की सभी बैठकें, सचिव द्वारा कम से कम दस पूरे दिन की सूचना देकर बुलाई जाएंगी और आवश्यकता पड़ने पर, समिति के अध्यक्ष के निदेशानुसार, आवश्यकता के अनुरूप कम अवधि की सूचना पर आपात बैठक आयोजित की जा सकेगी ।

6. सचिव के कार्य

समिति का सचिव, समिति के अध्यक्ष के निदेशानुसार समिति की सभी बैठकें आयोजित करेगा और समिति के विनिश्चयों को अध्यक्ष के निदेशानुसार कार्यान्वित करने के लिए सभी उचित कदम उठाएगा ।

अध्याय 3

7. निधि

भारतीय विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता समिति की निधियां निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-

(क) परिषद् द्वारा अपने बजट में से प्रतिवर्ष दी गई और अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 6(2)(ख) के निबंधनानुसार भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा यथा उपबंधित विधिक सहायता निधि में जमा की गई निधियां । यह निधि "भारतीय विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता निधि" नामक निधि में जमा की जाएगी ।

(ख) भारतीय विधिज्ञ परिषद् न्यास द्वारा अपने बजट में से प्रति वर्ष दी गई और विधिक सहायता निधि में जमा की गई निधियां ।

(ग) अनुदान जिसकी व्यवस्था भारत सरकार और/या केन्द्रीय सरकार की विधिक सहायता सकीम कार्यान्वयन समिति द्वारा की जाएगी ।

(घ) अनुदान जो विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा और राज्य विधिज्ञ परिषदों द्वारा भी, दिया जा सकेगा ।

(ङ) निगमों, निकायों, व्यक्तियों, पूर्त संस्थाओं, बार एसोसिएशनों और अन्य निकायों से विधिक सहायता के प्रयोजन के लिए प्राप्त वित्तीय सहायता, अनुदान, संदान, दान या फायदे ।

(च) किसी भी अन्य स्रोत से आवेदनों पर या विधिक सहायता प्राप्त मामलों के संबंध में फीस, खर्च, डिक्री संबंधी शोध्य रकम या अन्यथा के रूप में विधिक सहायता समिति को प्राप्त रकमें ।

(छ) विधिक सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से या उनकी ओर से या उनके विपक्षियों से या न्यायालय से किसी डिक्री या आदेश या करार या अन्यथा के कारण वसूल की गई सभी धनराशियां ।

(ज) निवेशों से, यदि कोई हों, ब्याज के रूप में प्राप्त कोई रकम ।

अध्याय 4

विधिक सहायता और प्राप्त करने के लिए हकदार व्यक्ति

8. (क) विधिक सहायता किसी ऐसे व्यक्ति को दी जा सकती है जो राज्य विधिज्ञ परिषद् की अधिकारिता के भीतर किसी जंगम या स्थावर संपत्ति पर कोई दावा या प्रभार या अधिकार प्राप्त करने, उससे वंचित करने या विवादग्रस्त करने के प्रयोजन के लिए या कोई वाद, विधिक कार्यवाही, सिविल या दांडिक अधिकारों उनसे या ऐसे मामलों में किसी अंतवर्ती आदेशों से उत्पन्न किसी अपील या पुनरीक्षण को संस्थित करने या प्रतिवाद करने के प्रयोजन के लिए विहित प्ररूप और रीति में विधिक सहायता के लिए आवेदन करता है और जिसके वित्तीय साधन और स्थिति, विधिक सहायता समिति या उसकी उप समिति की राय में, मुकदमा के खर्च या उसके भाग की पूर्ति करने या यथास्थिति किसी अधिवक्ता, सालिसिटर, प्लीडर या विधि व्यवसायी को नियोजित करने के खर्च की पूर्ति करने, वहन करने या संदाय करने के लिए पूर्णतः अपर्याप्त है । उसे अपने आवेदन पत्र में यह अवश्य कथन करना चाहिए कि उसने किसी अन्य विधिक सहायता समिति या किसी अन्य प्राधिकारी को उसी वाद हेतुक की बाबत विधिक सहायता के लिए न तो आवेदन किया है और न ही उनसे विधिक सहायता प्राप्त की है । वह अपने आवेदन पत्र में यह कथन भी करेगा कि उसने इसके पहले भी आवेदन किया था या नहीं और किसी ऐसी समिति या प्राधिकारी ने ऐसे आवेदन को नामंजूर कर दिया था या नहीं ।

(ख) विधिक सहायता के लिए किसी आवेदन को उस दशा में नामंजूर किया जा सकेगा यदि आवेदक या उसका पति या उसकी पत्नी या बच्चों की लगभग वार्षिक आय 6000 रु० प्रति वर्ष से अधिक है और यदि विधिक सहायता समिति या उसकी उप समिति यह उचित समझती है कि संबंधित आवेदक विधिक सहायता के बिना कार्यवाही करने में समर्थ है और यदि ऐसी समिति या उप समिति को यह लगता है कि मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, यह मामला विधिक सहायता के लिए योग्य और उचित मामला नहीं है या उसकी राय में उसे विधिक सहायता देना अयुक्तियुक्त है ।

(ग) किसी आवेदक को तब तक विधिक सहायता नामंजूर की जा सकती है जब तक विधिक सहायता समिति या उसकी उपयुक्त उप समिति की राय में उसका मामला प्रथम दृष्टया उसके पक्ष में नहीं है और उसके पास मामला संस्थित करने, अभियोजित करने या प्रतिरक्षा करने और वाद के पक्षकार होने के कारण, सिविल या दांडिक मामलों में विधिक कार्यवाही करने, उससे उत्पन्न अपने सांविधानिक और/या मूल अधिकारों, अपील या पुनरीक्षण को सिद्ध करने या प्रतिरक्षा करने के लिए युक्तियुक्त आधार नहीं है।

(घ) किसी आवेदक को उस दशा में भी विधिक सहायता नामंजूर की जा सकेगी जब तक वह इस आशय का वचनबंध नहीं दे देता कि वह ऐसी कार्यवाही के संबंध में जिसके लिए उसे विधिक सहायता दी जानी है, समय पर सभी आवश्यक और युक्तियुक्त कदम उठाएगा और यह कि मुकदमा के सफलतापूर्वक उसके पक्ष में हो जाने पर वह उसे दिए गए विधिक सहायता अनुदान की और उसके पक्ष में किए गए सभी व्यय की प्रतिपूर्ति विधिक सहायता समिति को करेगा या यदि विधिक सहायता समिति, कारणों को अभिलेखबद्ध करके यह पाती है कि उसे दी गई विधिक सहायता वापस ले ली जानी चाहिए।

9. (क) वे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 6000 रु० से 12000 रु० तक के बीच है, अपने मामलों की बाबत उस अधिवक्ता से विधिक सलाह प्राप्त करने के हकदार होंगे जो इस प्रयोजन के लिए तैयार किए गए अधिवक्ताओं के पैनल में से होगा।

(ख) विधिक सलाह के लिए अपना आवेदन दाखिल करते समय वह अपनी आय के बारे में सभी विशिष्टियां और अपने मामले का ब्यौरा जिसके अंतर्गत उसके द्वारा या उसके विरुद्ध फाइल किए गए लंबित मामले के ब्यौरे भी हैं, अवश्य देगा।

(ग) आवश्यक सलाह देते समय संबंधित विधिक सहायता समिति आवश्यक कागजात तैयार करने, टंकण आदि के लिए आवश्यक न्यूनतम खर्च वसूल करने की हकदार हो सकेगी।

(घ) यदि कोई आवेदक अपने मामले में किसी विशेष मुद्दे पर या विधि के प्रश्न पर लिखित राय प्राप्त करना चाहता है तो उसे ऐसी राय, विहित फीस का संदाय करने पर ही प्राप्त करने का हक होगा।

विधिक सहायता और सलाह के लिए आवेदन

10. (क) विधिक सहायता और सलाह के लिए सभी आवेदन विहित रीति में, यथास्थिति, विधिक सहायता समिति या उप समिति या केन्द्र को किए जाएंगे और उनमें ऐसी विशिष्टियां होंगी जो विहित रीति में विनिर्दिष्ट की जाएं। विधिक सहायता के लिए सभी कार्यवाहियां ऐसे समय के दौरान जो ऐसी समितियों द्वारा अधिसूचित किया जाए और इस निमित्त नियुक्त व्यक्ति या प्राधिकारी को प्रस्तुत या फाइल की जाएंगी।

(ख) विधिक सहायता या सलाह के लिए ऐसे सभी आवेदनों की संवीक्षा यथास्थिति विधिक सहायता समिति या उप समिति या केन्द्र द्वारा उसके लिए राज्य विधिक सहायता बोर्ड द्वारा बनाए गए विनियमों के अनुसार की जाएगी।

(ग) बनाए गए सभी विनियम और संशोधित किए जाने के लिए आशयित किसी नियम, अनुमोदन के लिए भारतीय विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता समिति को भेजे जाएंगे और ऐसा अनुमोदन प्रदान कर दिए जाने पर, यथास्थिति, नियम या विनियम प्रश्नगत राज्य विधिक सहायता बोर्ड द्वारा सेवित क्षेत्रों में प्रभावी हो जाएंगे।

11. जिला विधिक सहायता समिति, विधिक सहायता उपसमिति या विधिक सहायता केन्द्र 'यथास्थिति', प्रत्येक, समिति या इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी उपसमिति द्वारा मंजूर किए गए व्यक्तियों को विधिक सलाह मंजूर किए गए व्यक्तियों को विधिक सलाह मंजूर करने के लिए अपेक्षित मामलों पर विचार करने के लिए कम से कम एक ब्यूरो स्थापित करेगा और यह उसका कर्त्तव्य होगा कि वह समिति के समक्ष रखे गए मामलों की बाबत मौखिक या लिखित सलाह, यथासंभव शीघ्र दे।

12. विधिक सहायता समिति, विधिक सहायता उप समिति या विधिक सहायता केन्द्र का कर्त्तव्य होगा कि वह विधिक सहायता या सलाह देने के लिए आवेदन में उपवर्णित मामलों की बाबत आवश्यक पूछताछ करे, प्राप्त सभी कागजातों की संवीक्षा करे और यथा संभव शीघ्र ऐसी रीति में जो विहित की जाए, उपयुक्त सिफारिशें करे और उन्हें संबंधित जिला विधिक सलाह समिति के समक्ष विचारार्थ और मंजूरी के लिए प्रस्तुत करे। विधिक सहायता या सलाह के दिए जाने या नामंजूर किए जाने से संबंधित सभी विनिश्चयों की सूचना आवेदक को लिखित रूप में दी जाएगी और यदि सहायता या सलाह दिए जाने का प्रस्ताव है तो उक्त सूचना, समिति द्वारा रखे गए अधिवक्ताओं के पैनल से चुने गए अधिवक्ता को भी दी जाएगी और सभी आवश्यक कागजपत्र तथा दस्तावेजें उक्त अधिवक्ता को आवश्यक अनुदेशों सहित अविलंब भेजी जाएंगी।

13. जिला विधिक सहायता समिति, विधिक सहायता उप समिति और विधिक सहायता केन्द्र, जहां कहीं गठित किया जाए, ऐसे समुचित रजिस्टर और उपयुक्त अभिलेख रखेगा जिनमें प्राप्त आवेदनों और उन पर किए गए आदेश दर्शित होंगे और विधिक सहायता के लिए अपेक्षित प्रत्येक मामले के संबंध में प्राप्त दस्तावेजों का समुचित अभिलेख भी रखेगा। ऐसी समितियों का कर्त्तव्य होगा कि वे उन मामलों का जिनके

लिए विधिक सहायता और सलाह मंजूर की गई है, और ऐसे मामलों की प्रगति और परिणाम का, समुचित रजिस्टर रखें और राज्य विधिक सहायता बोर्ड को त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

14. विधिक सहायता समिति सभी स्तरों पर, आय और व्यय का समुचित लेखा रखेगी और किए गए सभी खर्चों के समुचित वाउचर रखेगी । उनके द्वारा प्राप्त की गई सभी रकमें अनुसूचित बैंकों के समुचित खातों में जमा की जाएंगी और भुगतान सामान्यतः चैकों द्वारा किया जाएगा और बैंक संबंधी लेखाओं का बैंक द्वारा रखे गए बैंक लेखाओं से मिलान अवश्य होना चाहिए ।

अध्याय 7

15. कम से कम पांच वर्ष तक विधि व्यवसाय किए गए प्रत्येक अधिवक्ता का यह कर्त्तव्य होगा कि वह वर्ष में कम से कम छह मामले अपने वृत्तिका प्रभार लिए बिना करे । ऐसे अधिवक्ता को, यदि विधिक सहायता समिति मामला लड़ने के लिए कहे तो उसे ऐसे मामलों से इंकार करने का हक नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण

"मामला करने" से अभिप्रेत है (1) निषेधाज्ञा आवेदन का प्रारूपण, फाइल करना और सुनवाई कराना, (2) वादपत्र का प्रारूपण, फाइल करना और रजिस्टर कराना, (3) लिखित कथन का प्रारूपण और फाइल करना, (4) अपील का प्रारूपण, फाइल करना और विचारार्थ स्वीकार कराना, (5) पुनरीक्षण आवेदन का प्रारूपण, फाइल करना और विचारार्थ स्वीकार कराना, (6) अपील पर बहस करना, (7) पुनरीक्षण पर बहस करना, इत्यादि और अधिवक्ता द्वारा किया गया प्रत्येक ऐसा कार्य "मामला करना" माना जाएगा ।

टिप्पण

ऐसे मामलों को आबंटित करते समय जो किसी अधिवक्ता द्वारा उसके वृत्तिका प्रभार लिए बिना संचालित किए जाने हैं, विधि व्यवसाय की प्रकृति को उदाहरणार्थ, क्या कोई विशेष अधिवक्ता दांडिक, सिविल, कराधान या सांविधानिक विधि संबंधी मामलों में विधि व्यवसाय करता है, ध्यान में रखा जाएगा और वह मामला जो उसे आबंटित किया जाएगा, आम तौर पर ऐसे स्थान पर किया जाएगा जहां वह सामान्यतः कार्य करता है और मामले अधिवक्ताओं को वर्णक्रमानुसार रखी गई सूची के अनुसार चक्रानुक्रम में आबंटित किए जाएंगे ।

16. (क) अधिवक्ता जो विधिक सहायता मामलों में हाजिर होने के लिए सहमत है और जिसका नाम राज्य विधिक सहायता बोर्ड और जिला विधिक सहायता समिति द्वारा रखे गए अधिवक्ताओं के पैनल में सम्मिलित है, अपना सही पता और टेलीफोन नंबर, यदि कोई है, ऐसी विधिक सहायता समिति को और विधिक सहायता उप समिति को, यदि कोई है, तथा उन पक्षकारों को भी देगा जिनके लिए वह किसी विशेष मामले में हाजिर होता है । उसका यह कर्त्तव्य होगा कि वह अपने पते या टेलीफोन नंबर में, यदि कोई है, परिवर्तन की सूचना संबंधित विधिक सहायता समिति को दें ।

(ख) उपयुक्त विधिक सहायता समितियां दो पृथक पैनल तैयार करेंगी, एक ज्येष्ठ अधिवक्ताओं का और दूसरा ऐसे अधिवक्ताओं का होगा जो उपयुक्त मामलों में जो उन्हें निर्दिष्ट किए जाएंगे, कार्य और अभिवचन, दोनों, करेंगे ।

17. वह अधिवक्ता जो पारिश्रमिक सहित या रहित विधिक सहायता प्रदान करने का वचन देता है, उस व्यक्ति से जिसके पक्ष में विधिक सहायता दी जा रही है या ऐसे व्यक्ति की ओर से किसी अन्य व्यक्ति से कोई फीस प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा । किन्तु वह ऐसी फीस या मानदेय प्राप्त करने का हकदार होगा जो संबंधित विधिक सहायता समिति द्वारा विहित मापमान के अनुसार उसे दी जाए ।

18. ऐसे अधिवक्ता का जो विधिक सहायता मामले या कार्यवाही का भारसाधक होगा, यह कर्त्तव्य होगा कि वह उस व्यक्ति को जिसके लिए वह ऐसे मामलों में हाजिर होता है, प्रति दिन की कार्यवाहियों के बारे में समुचित रूप से सूचित करे, ऐसे मामलों के समुचित रजिस्टर रखे और अपने कर्त्तव्यों का उचित रूप में निर्वहन करे । वह उसे आबंटित मामले की प्रगति के बारे में यथास्थिति, विधिक सहायता समिति या उप समिति को भी समय-समय पर ऐसी रीति में जैसी विहित की जाए, सूचित करता रहेगा । बहरहाल, वह पत्र लिखने, रजिस्टर आदि रखने के लिए विहित मापमान के अनुसार आनुषंगिक प्रभार प्राप्त करने का हकदार होगा ।

19. प्रकीर्ण

विधिक सहायता में जो दी जा सकेगी किसी अधिवक्ता, प्लीडर या विधि व्यवसायी द्वारा अभ्यावेदन और उनके द्वारा ऐसी सहायता करना है जो किन्हीं विधिक कार्यवाहियों के लिए प्रारंभिक या आनुषंगिक कदम के बारे में और किसी न्यायालय या अधिकरण में या किसी राजस्व या अन्य प्राधिकरण के समक्ष किसी वाद, कार्यवाहियों, मामलों उनसे हुई अपीलों, पुनरीक्षणों को संस्थित, अभियोजित या प्रतिरक्षा करने के लिए या किसी अंतवर्ती आवेदन या उसे हुई अपील या पुनरीक्षण के बारे में भी अन्य मुकदमा लड़ने वालों को प्रायिकतः दी जाती है । ऐसी सहायता पूर्ण या आंशिक या उन व्यक्तियों द्वारा जिनके लिए विधिक सहायता दी जाती है, किए गए उनके अंशदान के आधार पर जितना उपयुक्त विधिक सहायता समिति विनिश्चित करे, हो सकती है ।

20. अधिवक्ता और मुवक्किलों के बीच संबंध

यह तथ्य कि किसी अधिवक्ता, प्लीडर या विधि व्यवसायी की सेवाएं विधिक सहायता के रूप में दी जाती है, ऐसे

अधिवक्ता, प्लीडर या विधि व्यवसायी के उसके और उसके मुवक्किल के बीच संबंध या ऐसे संबंध से उत्पन्न कोई अधिकार या विशेषाधिकार को प्रभावित नहीं करेगा ।

21. गोपनीयता

विधिक सहायता प्राप्त करने के प्रयोजनों के लिए, विधिज्ञ परिषद्, विधिक सहायता समिति या किसी उप समिति या विधिक सहायता केन्द्र, या उनकी ओर से किसी अधिकारी या व्यक्ति को विधिक सहायता चाहने वाले व्यक्ति के मामले की बाबत दी गई कोई जानकारी, प्रश्नगत मामले या मामलों से संबंधित कृत्यों का सम्यक् पालन करने के प्रयोजन को छोड़ कर, विधिक सहायता के लिए आवेदन करने वाले या प्राप्त करने वाले व्यक्ति की सहमति के बिना, किसी व्यक्ति या प्राधिकारी को प्रकट नहीं की जाएगी ।

22. अपील

ऐसे मामले में जहां विधिक सहायता के लिए आवेदन नामंजूर कर दिए गए हैं या विधिक सहायता समिति द्वारा और विधिक सहायता देना वापस ले लिया गया है और इसी प्रकार की अन्य स्थितियों में व्यथित व्यक्ति, यदि विनिश्चय किसी उप समिति या किसी विधिक सहायता केन्द्र का है तो जिला विधिक सहायता समिति को और यदि विनिश्चय जिला विधिक सहायता समिति का है तो राज्य विधिक सहायता बोर्ड को, उसे ऐसे आदेश के संसूचित किए जाने की तारीख से 15 दिन के भीतर, अपील कर सकेगा और जिला विधिक सहायता समिति या राज्य विधिक सहायता बोर्ड ऐसी अपीलों को व्यथित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देकर, यथा संभवशीघ्र निपटाएगा और अपील निकाय का इस बाबत विनिश्चय अंतिम होगा ।

23. विधि के विद्यार्थियों का विधिक सहायता स्कीम के साथ सहयोजन

यह राज्य विधिक सहायता बोर्ड की और जिला विधिक सहायता समिति की अधिकारिता में होगा कि वह इस बात पर विचार करे कि क्या अंतिम वर्ष के विधि विद्यार्थियों की सेवाओं को विधिक सहायता कार्य के साथ सहयोजित करना लाभदायक होगा और यदि इस प्रकार की वांछा की जाती है तो वे अहं विद्यार्थियों को विनिर्दिष्ट संख्या में इस विधिक सहायता स्कीम के साथ सहयोजित करने के लिए समुचित स्कीम बनाने के लिए हकदार होंगे ।

24. विधिक सहायता कार्यक्रम का जिलों और तहसीलों तक विस्तार.

राज्य विधिज्ञ परिषद इस विधिक सहायता स्कीम के उपबंधों को किसी राजस्व जिले या उसके भाग में आरंभ करने या उस तक विस्तार करने के पूर्व, उन स्रोतों पर विचार करेगी जो वह धन के रूप में या अधिवक्ताओं की निःशुल्क सेवाओं के रूप में एकत्र करने की स्थिति में होगी और जब कभी भारतीय विधिज्ञ परिषद की यह राय हो कि कोई जिला विधिक सहायता समिति वर्ष में कम से कम 24 मामले लेने की स्थिति में हो जाएगी और प्रति वर्ष इतने ही मामलों में विधिक सलाह देने में समर्थ होगी तो केवल ऐसी ही स्थिति में एक जिला विधिक सहायता समिति स्थापित की जाएगी जिसके भारसाधन में एक या दो राजस्व जिले होंगे । राज्य विधिज्ञ परिषद और विधिक सहायता बोर्ड विधिक सहायता स्कीमों का विस्तार चरणबद्ध कार्यक्रम के आधार पर तालुक/उप-डिवीजन स्तर पर करेंगे और यह सुनिश्चित कर लेंगे कि एक बार स्कीम को किसी विशेष जिला या उसके भाग पर विस्तारित किए जाने पर वह समुचित रूप से और दक्षतापूर्वक कार्य करेगी ।

25. आवश्यक नियम और विनियमों की रचना

भारतीय विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता समिति सभी आवश्यक नियम और विनियम बनाएगी और उसमें निम्नलिखित विषयों से संबंधित नियम होंगे :

(क) संविधान बनाना, इन नियमों में वर्णित विभिन्न समितियों का पुनर्गठन और/या उसके सदस्यों का चयन ।

(ख) ऐसी समितियों में रिक्त स्थलों का भरा जाना ।

(ग) जहां कहीं और जब कभी आवश्यक हो, अध्यक्ष, कार्यपालक अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारी के निर्वाचन के संबंध में ।

(घ) आवश्यक कर्मचारिवृंद की नियुक्ति का उपबंध करना और ऐसे कर्मचारियों की बाबत वेतन, भत्ते, मानदेय नियत करना ।

(ङ) विभिन्न विधिक सहायता समितियों द्वारा सभी स्तर पर कार्यालयों, केन्द्रों और ब्यूरों के रख-रखाव और संचालन में आवश्यक खर्चे के अनुदान के लिए उपबंध करना ।

(च) विधिक सहायता के मामले लड़ने वाले अधिवक्ताओं और अन्य वकीलों को दी जाने वाली फीस या मानदेय के लिए उपबंध करना ।

(छ) विधिक सहायता निकायों के, यथास्थिति, विधिक सहायता या सलाह देने से इंकार करने या देने का विनिश्चय करने के विनिश्चयों के विरुद्ध अपीलों के लिए सीमित रूप में आवश्यक फोरम (न्यायालयों) का उपबंध करना और ऐसी अपीलों की परिसीमा की अवधि तथा शीघ्र विनिश्चय के लिए उपबंध करना ।

(ज) विधिक सहायता कार्यालयों का संचालन और अनुशासन बनाए रखने के लिए उपबंध करना तथा कर्मचारियों की बाबत उनके कर्तव्य विहित करना ।

(झ) जहां कहीं और जब कभी आवश्यक हो, प्रशिक्षण शिविरों, कार्यशालाओं आदि के आयोजन के लिए संपूर्ण विधिक सहायता स्कीम और कार्यक्रमों के अनुपालन के लिए सभी आवश्यक नियम, विनियम बनाना ।

(ञ) विधिक सहायता देने और उस संबंधित सभी अन्य विषयों के संबंध में आवश्यक फोरम और अपील करने के लिए फोरम (न्यायालय), अभिलेखों और लेखाओं के लिए रजिस्टर तथा सभी अन्य प्ररूप जो इन नियमों में परिकल्पित विधिक सहायता स्कीमों के संचालन के लिए आवश्यक हो, विहित करना ।

(2) ऐसे नियमों की अंतिम रूप देने में या उनका कोई संशोधन करने में, राज्य विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता समितियों से परामर्श किया जाएगा और यदि ऐसी समितियों द्वारा कोई राय अभिव्यक्त की जाती है तो उस पर विचार किया जाएगा ।

विधिक सहायता मामलों में हाजिर होने वाले अधिवक्तओं/वकीलों के लिए फीस/मानदेय की अनुसूची जब तक संशोधन नहीं कर दिया जाता है, पैनल के अधिवक्ताओं/वकीलों को सभी फीस/मानदेय इसमें नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार दिए जाएंगे)

(1) ऐसे अधिवक्ता/वकील को जिसे किसी कार्य दिवस को न्यायालय के समय के पश्चात् विधिक सहायता समिति के कार्यालय में और समिति के कार्य के लिए रात्रि 7.30 बजे तक उपस्थित रहना पड़ता है, ऐसी राशि का संदाय किया जाएगा जैसी समिति समय-समय पर विनिश्चय करे ।

(2) ऐसे अधिवक्ता/वकील को जिसका नाम राज्य विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता समिति द्वारा निकाले गए कनिष्ठ पैनल में है और जिसे विधिक सहायता ब्रीफ सौंपी गई है और जो अधिवक्ता अभिलेख के रूप में किसी वाद, परिवाद, पुनरीक्षण या अपील में ग्रहण किए जाने के प्रक्रम तक कार्य करता है, समेकित रूप से 125 रु० मिलेंगे ।

(3) यदि पूर्वोक्त पैनल का कोई कनिष्ठ अधिवक्ता ग्रहण किए जाने के प्रक्रम के पश्चात् कार्य करता है और (वाद, परिवाद, पुनरीक्षण या अपील की) संपूर्ण कार्यवाही की देखभाल करता है और मामले की अंतिम सुनवाई में हाजिर होता है तो उसे समग्रतः 125 रु० मिलेंगे । किन्तु राज्य विधिज्ञ परिषद् विधिक सहायता स्कीम का अध्यक्ष 250 रु तक देने के लिए हकदार होगा यदि उसकी राय में इसमें इसके पूर्व वर्णित मामले में किए गए कार्य की मात्रा और लगाया गया समय ऐसी अपेक्षा करता है तो वह संबंधित अधिवक्ता को, उसके द्वारा लिखित रूप में कारण को अभिलिखित करके, ऐसी रकम का भुगतान करने के लिए हकदार होगा।

(4) ऐसा अधिवक्ता या वकील जो विधिक सहायता प्राप्त व्यक्ति से विधिक सलाह लेकर कार्य करता है, वादपत्र तैयार करके उसे न्यायालय में फाइल करता है, तो उसे 51 रु० मिलेंगे ।

(5) ज्येष्ठ अधिवक्ताओं से जिनके नाम ज्येष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में सम्मिलित किए गए हैं, यह आशा की जाएगी कि वे अंतिम प्रक्रम पर सुनवाई वृत्तिक प्रभार के बिना करेंगे । किन्तु विशेष मामलों में, संबंधित विधिक सहायता समिति किसी ज्येष्ठ अधिवक्ता को ऐसी न्यूनतम फीस के संदाय पर नियुक्त करेगी जैसी समिति निश्चित करे ।

विधिक सहायता कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए अधिवक्ताओं, ज्येष्ठ विधि विद्यार्थियों और परा विधिक कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए सहायता और सलाह शिविर तथा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए राज्य विधिक सहायता बोर्डों और जिला विधिक सहायता समितियों को सिफारिश की गई स्कीमें ।

न्यायालयों तथा अधिकरणों में विधिक सहायता मामले करने और मुकदमा लड़ने वाले निर्धन व्यक्तियों को विधिक विषयों में सहायता देने के महत्वपूर्ण कृत्यों का पालन करने के अलावा, राज्य विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता समितियों और जिला विधिक सहायता समितियों का यह कर्तव्य होगा कि वे विधिक सहायता और सलाह शिविर आयोजित करें और अधिवक्ताओं तथा विधिक सहायता कार्यकर्त्ताओं के लिए उनके ही स्थान पर और/या जब संभव हो, संयुक्त रूप से जिला, उप संभाग या अन्य शहरों से थोड़ी दूर स्थित उपयुक्त स्थानों पर विधिक सहायता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करें ।

अधिवक्ताओं, विधि विद्यार्थियों और परा विधिक कार्यकर्त्ताओं के लिए विधिक सहायता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/कार्यशाला

(1) राज्य विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता समितियां और जिला विधिक सहायता समितियां भी छह मास में कम से कम एक बार विधिक सहायता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करेंगे और जब कभी संभव हो, ऐसे पाठ्यक्रम राज्य विधिज्ञ परिषद विधिक सहायता समिति और एक या अधिक जिला विधिक सहायता समितियां संयुक्त रूप से राज्य की राजधानी में या उसके समीप या जिला नगरों के समीप किसी ऐसे उपयुक्त स्थान पर

जहां ज्येष्ठ अधिवक्ता, वकील और न्यायाधीश सहज उपलब्ध हों, आयोजित किए जाएंगे ।

(2) ऐसे पाठ्यक्रम कम से कम एक सप्ताह की अवधि के और उपयुक्त कम खर्चीले होंगे और यदि संभव हो तो ऐसे पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों के लिए निःशुल्क भोजन और आवास की व्यवस्था करनी होगी और ऐसे पाठ्यक्रमों को आयोजित करने और आरम्भ करने के लिए काफी पहले से सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे ।

(3) ऐसे पाठ्यक्रमों को आयोजित करने के लिए समुचित प्रचार किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के स्वरूप चर्चा किए जाने वाले विषय और उनकी तारीखों तथा समय के बारे में विस्तृत वर्णन होगा और उसमें उन ज्येष्ठ अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों और शिक्षकों के नामों का जो भाषण देंगे और ऐसे पाठ्यक्रमों में भाग लेने वालों को प्रशिक्षण देने में सहायता करेंगे, विनिर्दिष्ट रूप से वर्णन करना होगा । ऐसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने वालों की अर्हताएं विनिर्दिष्ट रूप से बताई जाएंगी और उन फायदों के बारे में एक विवरण जो ऐसे पाठ्यक्रमों में उपस्थित होने पर प्रत्येक भाग लेने वाले को प्राप्त होंगे और सभी ऐसी तथा अन्य आवश्यक जानकारी देने वाली मुद्रित या कम से कम चक्र-मुद्रित सामग्री सभी जिला, उप-संभागीय और तहसील बार एसोसिएशनों, उस क्षेत्र में जहां ऐसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, विभिन्न न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों और विधि महाविद्यालयों के प्रचार्यों को भी, उनसे पूर्णसहयोग की अपेक्षा करते हुए, भेजी जाएगी ।

(4) ऐसे पाठ्यक्रम में उपस्थित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों से उन्हें समुचित विस्तृत कार्यक्रम, पठन सामग्री और अन्य आवश्यक कागज पत्रों आदि की व्यवस्था करने के लिए कुछ ऐसे न्यूनतम संभव-प्रभार जो विनिश्चत किए जाएं, वसूल किए जा सकेंगे ।

(5) प्रति दिन की कक्षाओं में व्याख्यानों और चर्चाओं को समुचित रूप से सीखने और समझने में प्रशिक्षणार्थियों को समर्थ बानने के लिए उन्हें सभी आवश्यक और संबंधित विधि और निर्देश पुस्तकें उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

